# पाकिस्तान को भारत ने लगाई फटकार

- पाक के हालात पर है हमारी पूरी नजर : विदेश मंत्रालय
- पाकिस्तान मीडिया फर्जी खबरें फैला रहा

**नई दिल्ली 9 जून. भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की बर्बरता पर कड़ी प्रतिक्रिया करते हुए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराने की अपील की है.**

भारत ने यह भी आरोप लगाया है कि पाकिस्तान फर्जी वीडियो के जरिये अपनी विफलताओं और मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाओं से लोगों का ध्यान भटकाने की विफल कोशिश में जुटा है. विदेश मंत्रालय के



प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गये सवालों के जवाब में कहा कि इस संदर्भ में हम पाकिस्तान की ओर से फर्जी खबरों और वीडियो का सिलसिला लगातार देख रहे हैं. यह अपनी विफलताओं को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने का पाकिस्तान का एक हताशापूर्ण प्रयास है.

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भीषण पुलिस बर्बरता की खबरें हैं जिसमें कई प्रदर्शनकारी मारे गये हैं और कई अन्य घायल हुए हैं. हम उम्मीद करते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके दुष्कर्मों और अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहरायेगा.

यह विरोध-प्रदर्शन हाल के वर्षों में इलाके में हुई सबसे घातक अशांति के एक दिन बाद हो रहा है जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं. इससे अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इलाके में और अस्थिरता का डर पैदा हो गया है. रावलकोट में जेएएसी समर्थकों के एक साथी कार्यकर्ता की हत्या के विरोध में इकट्ठा होने के बाद प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पें हुईं. पीओके की यह अशांति 27 जुलाई को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच हुई है.

> प्रवक्ता ने जम्मू कश्मीर को लेकर भारत के संकल्प को दोहराया कि पूरा जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है. उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शरणार्थियों के लिए आरक्षित 12 विधानसभा सीटों को लेकर तनाव चरम पर है. जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार इन सीटों का इस्तेमाल अपने हित साधने के लिए करती है. इन्हें खत्म करने की मांग को लेकर क्षेत्र में हिंसक विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं.

## 24 घंटे में दूसरी बार सोनिया से मिलीं ममता

**नई दिल्ली, 9 जून.** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार शाम नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ आवास पर कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात उस समय हुई जब एक दिन पहले ही इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में दोनों नेता एक साथ शामिल हुई थीं। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में ममता बनर्जी ने सोनिया गांधी को पश्चिम बंगाल के मौजूदा राजनीतिक हालात की जानकारी दी। वहीं, सोनिया गांधी ने कथित तौर पर कहा कि कठिन परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी ममता बनर्जी के साथ खड़ी है. मुलाकात विपक्षी इंडिया गठबंधन की उस बैठक के बाद हुई, बैठक में नीट और सीबीएसई परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, वोटर लिस्ट में बदलाव, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर चर्चा हुई.

# ग्रामीण विकास के लिए ऐतिहासिक पहल

- 1.25 लाख करोड़ रुपये के प्रावधान से एक जुलाई से लागू होगी व्यवस्था :शिवराज



**नई दिल्ली, 9 जून. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण रोजगार, श्रमिक सुरक्षा और गांवों के समग्र विकास को नयी गति देने के लिए एक व्यापक वित्तीय और नीतिगत पहल की घोषणा की है.**

श्री चौहान ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि एक जुलाई 2026 से लागू होने जा रही नयी ऐतिहासिक व्यवस्था के तहत ट्रांजिशन पूरी तरह सुचारू, श्रमिक-केंद्रित और बिना किसी व्यवधान के होना चाहिए. उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने पहले ही मनरेगा के तहत 30 हजार करोड़ रु. आवंटित कर दिये हैं। इसके अतिरिक्त आज 95,692 करोड़ रु. का अंतरिम आवंटन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया गया. इस प्रकार कुल राशि 1.25 लाख करोड़ रु. से अधिक हो जाएगी. श्री चौहान ने कहा कि यह राशि देश की लगभग 2.80 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचेगी.

### मजदूरी भुगतान समय पर हो : शिवराज

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार केवल धन उपलब्ध नहीं करा रही है, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि समय पर मजदूरी भुगतान हो, श्रमिकों के अधिकार सुरक्षित रहें और विकास कार्यों में कोई व्यवधान न आये. उन्होंने राज्यों से आग्रह किया कि वे पर्याप्त मात्रा में कार्यों को पूर्व स्वीकृति दें, ताकि एक जुलाई से ही काम तेजी से शुरू हो सके.

# सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने बनी कार्ययोजना

- 'सहकार से समृद्धि' विजन को गति देने पर राष्ट्रीय समिति की बैठक

**नई दिल्ली, 09 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय सहकारी क्षेत्र को सशक्त और आधुनिक बनाने के लिए अनेक पहल कर रहा है.**

इसी संबंध में, राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 के अंतर्गत गठित राष्ट्रीय स्तरीय नीति कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति की पहली बैठक आज नई



दिल्ली स्थित अटल अक्षय ऊर्जा भवन में आयोजित की गई. अध्यक्षता सहकारिता मंत्रालय के सचिव एवं समिति के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने की. समिति ने राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन के रोडमैप पर विचार-विमर्श किया, जिसमें संस्थागत मजबूती, केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा राष्ट्रीय महासंघों/सहकारी संस्थाओं की समन्वित कार्रवाई, डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण, सदस्यता विस्तार तथा सहकारिता आधारित समावेशी और सतत आर्थिक विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी, सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सिद्धार्थ जैन, सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव आनंद कुमार झा, रमन कुमार और शिव पाल सिंह, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के कुलपति, नाबार्ड के अध्यक्ष तथा मंत्रालयों, राष्ट्रीय सहकारी महासंघों, सहकारी संस्थाओं, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों प्रतिनिधि उपस्थित थे.

# टनल के समानांतर बनेगी नई ट्यूब टनल :जितेंद्र

**नई दिल्ली, 9 जून. नई केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजना की घोषणा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी टनल के समानांतर एक नई दो-लेन ट्यूब टनल का निर्माण किया जाएगा.**

उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास और यातायात सुविधा की दिशा में बड़ा कदम बताया. एनएचएआई और नितिन गडकरी का जताया आभार- जितेंद्र सिंह ने सोशल



मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने उनकी मांग को स्वीकार कर लिया है. उन्होंने कहा कि उधमपुर के लिए यह एक और अच्छी खबर है और नई टनल के निर्माण से चेनानी-नाशरी मार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने में मदद मिलेगी.

एनएच-44 पर यातायात प्रबंधन होगा बेहतर- केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-44 जम्मू-कश्मीर की जीवनरेखा है और इस मार्ग पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है. ऐसे में मौजूदा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी टनल के समानांतर नई दो-लेन ट्यूब टनल का निर्माण यातायात प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाएगा. उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और तेज यात्रा का अनुभव मिलेगा.

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को घेरा

- आतंकवाद विरोधी कार्रवाई नहीं', यूएन में भारत
- अफगानिस्तान पर पाक के हमलों के खिलाफ समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र/न्यूयॉर्क, जून.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान की स्थिति पर आयोजित चर्चा के दौरान भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ स्पष्ट और कड़ा रुख अपनाया. भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए हवाई हमलों, सीमा पार गोलीबारी और आम नागरिकों की मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए संयुक्त राष्ट्र और अफगानिस्तान के रुख का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन इन अफगानिस्तान (यूएनएएमए) और संयुक्त राष्ट्र महासचिव की रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना उचित नहीं है.

# पंजाब-हरियाणा में 18 ठिकानों पर रेड

## पाकिस्तान-आधारित आतंकी नेटवर्क पर एनआईए की बड़ी छापेमारी

**नई दिल्ली, 09 जून. राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी शहजाद भट्टी से जुड़े तीन आतंकी गिरोहों के मामलों की जांच के सिलसिले में मंगलवार को पंजाब और हरियाणा में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया.**

एनआईए की टीमों ने दोनों राज्यों के नौ जिलों में 18 स्थानों पर समन्वित तलाशी अभियान चलाया. इस अभियान के दौरान, जांचकर्ताओं ने कई व्यक्तियों से पूछताछ की और डिजिटल उपकरण, दस्तावेज और संचार नेटवर्क, वित्तीय लेनदेन और तीनों मामलों में एजेंसी की निगरानी में मौजूद व्यक्तियों की गतिविधियों से संबंधित जानकारी जब्त की. तलाशी के दौरान एकत्र की गई सभी जानकारी और सबूतों को गहन जांच के साथ-साथ फोरेंसिक और तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है, ताकि सीमा पार की व्यापक साजिश का खुलासा किया जा सके. सीमा पार से कथित तौर पर गैंगस्टर से आतंकवादी बने भट्टी द्वारा संचालित एक बड़े षड्यंत्र की एनआईए की चल रही जांच के तहत कुछ व्यक्तियों को आगे की पूछताछ के लिए जांच में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं.

### आतंकवादी गतिविधियों के दृष्टिगत हो रही कार्रवाई

एनआईए की जांच में अब तक पंजाब के जालंधर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के आवास पर मार्च 2025 में हुए ग्रेनेड हमले का संबंध शहजाद भट्टी से पाया गया है. अप्रैल 2026 में, एजेंसी ने भट्टी, जो अभी भी फरार है, और इस मामले में एक अन्य आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था. एनआईए को यह भी पता चला है कि भट्टी ने हरियाणा के सिरसा स्थित महिला पुलिस स्टेशन में नवंबर 2025 में हुए विस्फोट और हरियाणा के अंबाला स्थित बलदेव नगर पुलिस स्टेशन में जनवरी 2026 में हुए विस्फोट की साजिश रची थी.

## फायरिंग केस में फैजल खान की गिरफ्तारी पर रोक

**पटना.** फायरिंग मामले में नामजद किए गए फैजल खान उर्फ खान सर को पटना सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए फिलहाल गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है. अदालत के इस आदेश के बाद अगली सुनवाई तक पुलिस खान सर को गिरफ्तार नहीं कर सकेगी. खान सर की ओर से पेश अधिवक्ता अरविंद कुमार महुआर ने बताया कि अदालत ने मामले की केस डायरी और अन्य संबंधित दस्तावेज तलब किए हैं. इन दस्तावेजों के अध्ययन के बाद अग्रिम जमानत याचिका पर आगे सुनवाई होगी.

# एलपीजी कीमत बढ़ाने और सब्सिडी घटाने से गरीबों पर बढ़ा बोझ : राहुल

**नईदिल्ली, 9 जून .** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने घरेलू रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि और उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या घटाने को सरकार का गरीब विरोधी कदम बताते हुए मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों ने गरीब परिवारों, महिलाओं, मजदूरों और मध्यम वर्ग पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है. श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पिछले 12 वर्षों की गरीब विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौतापूर्ण विदेश नीति के कारण देश ऐसी स्थिति में पहुंच



गया है जहां लाखों गरीब परिवार और महिलाएं फिर से लकड़ी के चूल्हों के धुएं पर निर्भर होने को मजबूर हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना में सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या नौ से घटाकर चार कर दी गई है और पिछले तीन महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 89 रुपये बढ़ाए गए हैं.

# 16 राज्यों में पहुंच गया है मानसून

नई दिल्ली, 9 जून. दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से आगे बढ़ते हुए सिक्किम, पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों और पूर्वोत्तर के शेष हिस्सों सहित 16 राज्यो में पहुंच चुका है. मौसम विभाग की मंगलवार को जारी बुलेटिन के अनुसार, अगले चार से पांच दिनों में मानसून के महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं. केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, पूर्वोत्तर भारत और पश्चिम बंगाल के पहाड़ी इलाकों में अगले पांच से सात दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने के अनुमान हैं. पिछले 24 घंटों के दौरान कोंकण और तमिलनाडु में कुछ जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश दर्ज भी की जा चुकी है. इसके साथ ही, 11 जून से उत्तरी भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से 11 और 12 जून को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, बिजली कड़कने और ओलावृष्टि होने के आसार हैं. पश्चिमी राजस्थान में 11 से 13 जून के बीच धूल भरी आँधी चल सकती है.

# हम घुट-घुटकर मर जाएंगे : हाई कोर्ट

- हरियाली खत्म करने पर क्यों तुली है सरकार
- पोलो क्लब की जमीन पर केंद्र से पूछे तीखे सवाल

**नई दिल्ली, 9 जून. दिल्ली हाई कोर्ट ने जिमखाना क्लब, इंडियन पोलो क्लब और दिल्ली रेस क्लब की जमीन को अपने कब्जे में लेने की केंद्र सरकार की प्रस्तावित योजना पर सख्त रुख अपनाते हुए कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं.**

अदालत ने कहा कि राजधानी में हरित क्षेत्रों और खुले स्थानों का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है, जबकि प्रदूषण और बढ़ती आबादी के कारण दिल्ली पहले से ही गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रही है. जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से पूछा कि इन जमीनों का अधिग्रहण करने के पीछे उसका उद्देश्य क्या है और भविष्य में इन क्षेत्रों का उपयोग किस प्रकार किया जाएगा. अदालत ने विशेष रूप से पोलो क्लब और जिमखाना क्लब की जमीन को लेकर सरकार की योजनाओं पर स्पष्टीकरण मांगा. सुनवाई के दौरान अदालत ने चिंता जताई कि यदि इन खुले क्षेत्रों पर बड़े निर्माण कार्य किए गए तो इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हरियाली और खुले स्थानों में और कमी आ सकती है. अदालत ने कहा कि एनडीएमसी क्षेत्र में उपलब्ध सीमित खुले स्थान लोगों को कुछ राहत प्रदान करते हैं और इनके स्वरूप में बड़े बदलाव का प्रभाव व्यापक हो सकता है. यह मामला भारतीय पोलो एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका के बाद अदालत पहुंचा, जिसमें 20 मई 2026 को जारी बेदखली नोटिस को चुनौती दी गई है.

केंद्र सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि संबंधित भूमि का उपयोग सार्वजनिक और रक्षा संबंधी आवश्यकताओं के लिए किया जाना प्रस्तावित है तथा केंद्रीय दिल्ली में उपलब्ध भूमि सीमित है.

# सदनों में व्यवधान लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती

**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि सदनों का बार-बार बाधित होना और व्यवधान उत्पन्न होना लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने एक गंभीर चुनौती है. श्री बिरला ने आज चंडीगढ़ में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) इंडिया रीज़न ज़ोन-2ड्ढ (नॉर्थ ज़ोन) का द्वितीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सदनों का बार-बार बाधित होना और व्यवधान उत्पन्न होना लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने एक गंभीर चुनौती है. उन्होंने रेखांकित किया कि इस समस्या का समाधान विधायी संस्थाओं के भीतर जनअपेक्षाओं के अनुरूप आचरण, संवाद और सार्थक चर्चा को बढ़ावा देने में निहित है. जनता का विश्वास मजबूत करना आज सभी जनप्रतिनिधियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है.


## पश्चिम मध्य रेल
### सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/12/2026)

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल**, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20254063A | सेट ऑफ़ लॉक NUT F.S. आल स्टील | 247 सेट्स | 25.06.2026 |
| 2 | 20255021B | सेट ऑफ़ बलास्ट असेंबली for IGBT-based पावर कन्वर्टर्स | 25 सेट्स | 29.06.2026 |
| 3 | 30261536 | सेकेंडरी स्प्रिंग फॉर LHB Non-AC कोचेस | 517 नंबर्स | 30.06.2026 |
| 4 | 82265129 | Nivolumab 100 mg इंजेक्शन | 60 नंबर्स | 02.07.2026 |
| 5 | 30265012 | सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ़ इलेक्ट्रो pneumatic pressurized फ्लशिंग सिस्टम in LHB कोचेस | 50 सेट्स | 04.07.2026 |
| 6 | 30261806 | Vestibule Bellow कम्पलीट (LH साइड) फॉर गैंगवे ऑफ़ LHB टाइप कोचेस | 320 नंबर्स | 08.07.2026 |

50 लाख रुपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को **www.ireps.gov.in** पर जाने की सलाह दी जाती है।

*कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


# भारत ने चीनी बार्डर पर रचा इतिहास

- जोजिला टनल का ब्रेकथ्रू सफल
- नया अध्याय, जोजिला सुरंग ने रचा इतिहास

**श्रीनगर. कश्मीर और लद्दाख के बीच सालभर निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करने वाली बहुप्रतीक्षित जोजिला टनल परियोजना ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है. मंगलवार को 13.15 किलोमीटर लंबी सुरंग का ब्रेकथ्रू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया.**

जिसके साथ इसके खुदाई चरण का कार्य समाप्त हो गया. पश्चिमी हिमालय की ऊंची और बर्फ से ढकी पर्वत श्रृंखलाओं के



बीच निर्मित की जा रही यह सुरंग देश की सबसे महत्वाकांक्षी आधारभूत संरचना परियोजनाओं में से एक मानी जाती है. ब्रेकथ्रू पूरा होने के बाद अब सुरंग के भीतर शेष तकनीकी और सुरक्षा संबंधी कार्य किए जाएंगे, जिसके बाद इसे यातायात के लिए तैयार किया जाएगा. समुद्र तल से लगभग 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह सुरंग दुनिया की सबसे लंबी सिंगल-ट्यूब दो-तरफा सड़क सुरंगों में शामिल है। यह परियोजना ऐसे क्षेत्र में विकसित की जा रही है जहां हर वर्ष भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण आवागमन लंबे समय तक बाधित रहता है। जोजिला टनल जम्मू-कश्मीर के बालटाल क्षेत्र को लद्दाख के मीनामार्ग से जोड़ेगी.


## कब्जा नोटिस (अचल संपति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री मंगल सिंग श्रीमती सुदामा चौहान सब्जी भाजी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10496642) | पटवारी हल्का नं.25, ख.नं. 188 के अंतर्गत आने वाली जमीन का वह हिस्सा, जिसका क्षेत्र.900 वर्ग फुट है और जो ग्राम जुरतारा, सिवनी, म.प्र.480999 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): प्रॉपर्टी का प्रकारः जमीन का क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्र (बिल्ट-अप एरिया)। प्रॉपर्टी का क्षेत्रफलः 900.00, 577.00। | रू. 3,00,571/- तीन लाख पाँच सौ इकहत्तर मात्र | 10-02-2026 | 05-06-2026 |
| श्री हरिओम सेन श्रीमती गायत्री बाई सन्न श्रीमती कल्पना सेन हरिओम सेन (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10528992) | पटवार हल्का नंबर 6, खसरा नंबर 71/1, वार्ड नंबर 6, मकान नंबर 190, गाँव बरमान कलां, तहसील करेली, ज़िला नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश, 487114 में स्थित पूरी प्रॉपर्टी। क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): प्रॉपर्टी का प्रकारः प्रॉपर्टी का क्षेत्रफलः 2500 | रू. 2,87,537/- (दो लाख सत्तासी हजार पाँच सौ सैंतीस मात्र) | 09-03-2026 | 05-06-2026 |
| श्री रवि बसोर श्री मिट्ठूलाल श्रीमती भंती बाई रिटेल सेल्स हेन्डीक्राफ्ट वर्क (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10720926) | प्लॉट नंबर 09, खसरा नंबर 226 का वह हिस्सा, जिसका कुल क्षेत्रफल 430 है, ग्राम सलैया कोहारी, कटनी, मध्यप्रदेश 483775; क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): प्रॉपर्टी का प्रकारः लैंड एरिया, कारपेट एरिया; प्रॉपर्टी का एरियाः 430.00, 357.00 | रू. 2,42,842/- (दो लाख बयालीस हजार आठ सौ बयालीस मात्र) | 10-02-2026 | 05-06-2026 |
| श्री लीलचंद बरमैया श्रीमती सिमिया बाई बरमैया सब्जी भाजी की दुकान (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10797536) | यह पूरी प्रॉपर्टी-जिसका पीएच नं. 211, पीआरएन 127 और खसरा नंबर 30 है और जिसका साइज 900 वर्ग फीट है-मध्य प्रदेश के सिवनी ज़िले की तहसील छपरा के गाँव छपरा में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): प्रॉपर्टी का प्रकारः जमीन का क्षेत्रफल, कारपेट एरिया; प्रॉपर्टी का क्षेत्रफलः 900.00, 890.00। | रू. 3,43,103/- (तीन लाख तिरतालीस हजार एक सौ तीन मात्र) | 10-02-2026 | 05-06-2026 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: ब्रांच ऑफिस - 225, नेपियर टाउन, दूसरी मंज़िल, चंद्रिका टावर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 या कॉर्पोरेट ऑफिस - प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा।

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 10.06.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।



## पश्चिम मध्य रेल
### इंजीनियरिंग विभाग ▪ खुली निविदा

निम्नलिखित कार्यों के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-82-2026, दिनांक 01.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सतना - मानिकपुर खंड के सगमा, मारकुंडि और बारामाफी स्टेशनों पर लाइनों की क्लियर स्टैंडिंग लेंग्थ/क्लियर स्टैंडिंग रुम की वृद्धि। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 41,79,272/-. **बयाना राशिः** ₹ 83,600/-. **समापन अवधिः** 06 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-83-2026, दिनांक 01.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्रअधिकार में टीटीआर - (एफएस + टीडब्लूएस + डब्लूसीएमएस) - 37 संख्या (1 में 12), टीटीआर - (एफएस + टीडब्लूएस + डब्लूसीएमएस) - 24 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर - (एफएस + सीएस + सीएमएस) - 30 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर - (टीडब्लूएस + डब्लूसीएमएस) - 13 संख्या (1 में 12), टीटीआर - (टीडब्लूएस + डब्लूसीएमएस) - 18 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर - (सीएस + सीएमएस) - 2 संख्या (1 में 12), टीटीआर - (सीएस + सीएमएस) - 8 संख्या (1 में 8.5), टीटीआर - (डीएस) - 13 और टीटीआर - (केवल डीएस रेल कॉम्पोनेन्ट) - 14 का कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 4,03,71,617/-. **बयाना राशिः** ₹ 8,07,400/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-84-2026, दिनांक 03.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता (वर्क्स) नरसिंहपुर के सेक्शन हेतु वर्ष 2026-27 के लिए रेलवे भवनों/स्टेशन और रेलवे क्वार्टर आदि के रखरखाव कार्यों के लिए और भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 79,99,119/-. **बयाना राशिः** ₹ 1,60,000/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-85-2026, दिनांक 03.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता सतना (दक्षिण) उप मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) सतना (दक्षिण) के सेक्शन में वर्ष 2026-2027 की अवधि के लिए रेलवे भवनों/स्टेशनों और रेलवे क्वार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों के लिए एवं भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,20,00,000/-. **बयाना राशिः** ₹ 2,40,000/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-86-2026, दिनांक 03.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता सतना (उत्तर) उप मंडल के अंतर्गत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) सतना (उत्तर) के सेक्शन में वर्ष 2026-2027 की अवधि के लिए रेलवे भवनों/स्टेशनों और रेलवे क्वार्टरों आदि के रखरखाव कार्यों के लिए एवं भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए क्षेत्रीय अनुबंध। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,00,00,000/-. **बयाना राशिः** ₹ 2,00,000/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-87-2026, दिनांक 04.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय), जबलपुर उप-मंडल के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य/पूर्व), जबलपुर के सेक्शन में वर्ष 2026-27 हेतु रेलवे सेवा भवनों, रेलवे आवासों के अनुरक्षण तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए जोनल अनुबंध। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,00,00,000/-. **बयाना राशिः** ₹ 4,00,000/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-88-2026, दिनांक 04.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय), जबलपुर उप-मंडल के अधीन दो जोनल अनुबंधः भाग-I: वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य/मदन महल), जबलपुर के सेक्शन में वर्ष 2026-27 हेतु रेलवे सेवा भवनों, रेलवे आवासों के अनुरक्षण तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए जोनल अनुबंध। भाग-II: वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य/पश्चिम), जबलपुर के सेक्शन में वर्ष 2026-27 हेतु रेलवे सेवा भवनों, रेलवे आवासों के अनुरक्षण तथा निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए जोनल अनुबंध। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 2,79,98,370/-. **बयाना राशिः** ₹ 5,60,000/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-89-2026, दिनांक 04.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मंडल अभियंता (मुख्यालय), जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत तीन विविध कार्यः भाग-1: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय), जबलपुर उप-मंडल के अधीन जबलपुर स्थित आरआरआई भवन में लिफ्ट की व्यवस्था का प्रावधान। भाग-2: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय), जबलपुर के अधीन रेल सौरभ कॉलोनी, जबलपुर में आरबी-IV आवासों का सुधार कार्य। भाग-3: जबलपुर स्थित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में दो वाणिज्यिक हॉलों का नवीनीकरण कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,45,38,281/-. **बयाना राशिः** ₹ 2,90,800/-. **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-90-2026, दिनांक 04.06.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय), जबलपुर उप-मंडल के अधीन रेल सौरभ कॉलोनी, जबलपुर स्थित 22-फ्री बंगले एवं अधिकारी बंगले में एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्यः** ₹ 1,91,84,403/-. **बयाना राशिः** ₹ 3,83,700/-. **समापन अवधिः** 12 माह।

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए:- निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** 30.06.2026. **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय (15.15 बजे):** 30.06.2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्यों के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर